भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

कल्याणमयी-भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ द्वारा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यावरण और स्वच्छ भारत पहल की दिशा में किए गए कार्य।

नई दिल्ली, 29 अगस्त 2017: कल्याणमयी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ (एएआईडब्ल्यूडब्ल्यूए) वंचित और जरूरतमंदों की मदद के लिए स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पर्यावरण और स्वच्छ भारत की पहल की दिशा में काम करता है।

कल्याणमयी ने श्रीमती अंजली महापात्र, अखिल भारतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में , ग्रीवा कैंसर का पता लगाने के लिए शिविरों का आयोजन किया। हाल ही में आर के पुरम, नई दिल्ली में कनकदुर्गा बस्ती में एनजीओ इंडिया और कैंसपोर्ट जैसे गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से "महिला स्वास्थ्य जांच शिविर" लगाया गया जिसमें प्रजनन स्वास्थ्य, विशेष रूप से, ग्रीवा कैंसर के लिए महिलाओं की जांच की गई। पूर्व में भी इसी तरह के शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद बस्ती चाणक्यपुरी और सेलमपुर में किया गया था। स्क्रीनिंग के लिए 30 **से** 60 **वर्षों के बीच की उम्र की महिलाओं के समूह का लक्ष्य रखा गया था, जो कैंसर स्क्रीनिंग के लिए सबसे उपयुक्त उम्र है।**

इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य थे:
- **भारत में सबसे आम कैंसर ग्रीवा कैंसर के बारे में अधिक जागरुकता पैदा करना**
- **सामान्य अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यवहार, पोषण आदि के बारे में अधिक जागरुकता पैदा करना।**
- **पैप स्मीयर टेस्ट द्वारा प्री- कैंसर और कैंसर सरवाइकल ग्रीवा घावों की स्क्रीनिंग।**
- **मामूली गॉयनोकॉलोजिकल शिकायतों के इलाज के लिए**
- **जांच के दौरान पॉजीटिव स्क्रीन पाई गई महिलाओं के लिए अस्पताल में उपचार तथा यथा अपेक्षित पूर्ण उपचार सुलभ कराना ।**

इन शिविरों की विशिष्टता सिर्फ जांच ही नहीं है, बल्कि भारत में दो सबसे आम कैंसर के बारे में सामान्य स्वास्थ्य व्यवहार, पोषण, ग्रीवा और स्तन कैंसर के बारे में जागरुकता बढाना भी है। स्तनों की स्वयं-जांच की तकनीक सीखने में महिलाओं की मदद करना और परिवार में अन्य महिलाओं को भी उनकी बेटियों की भी जांच करने के बारे में बताना। शिविर में उनकी एनीमिया और अन्य स्त्री रोग संबंधी शिकायतों के लिए भी जांच

की गई है । इसके अलावा, कल्याणमयी एम्स और जीटीबी अस्पताल में महिलाओं के उपचार की सुविधा प्रदान करता है, जिनकी डॉक्टरों की टीम द्वारा स्क्रीन पॉजीटिव पाई गई।

इन तीनों शिविरों में 132 **महिलाओं की जांच की गई और** 22 **महिलाओं को जीटीबी अस्पताल और एम्स में आगे के उपचार के लिए बुलाया गया और** 14 **की बिमारी को पॉजीटिव पाया गया। कल्याणमयी कैंसपोर्ट से सहयोग ले रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आगे के उपचार की आवश्यकता वाले लोग आगे के इलाज के लिए अस्पताल जाएं। कल्याणमी इस परियोजना के तहत देश के अन्य शहरों और दिल्ली के अन्य भागों में भी कैंप आयोजित करने की योजना बना रहा है।**

कल्याणमयी अगले तीन वर्षों में इस परियोजना को देश भर में 11 **शहरों और दिल्ली के अन्य भागों में चलाएगी।**

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:

जीएम (पीआर), 9811521881, 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति सं। 27 / 2017-18

कल्याणमयी - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण एसोशिएसन ने ग्रीवा कैंसर जांच शिविरों का आयोजत किया। आर के पुरम, नई दिल्ली में कनकदुर्गा बस्ती में “महिला स्वास्थ्य जांच शिविर” लगाया गया ।